हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 10 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

11 प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारियों ने सीखा भू-जल संरक्षण और ...



12 सास के साथ हाथ में हाथ लेकर बहुओं ने किया प्रवेश



[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]




# भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते का किसानों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

## छत्तीसगढ़ किसान यूनियन ने कलेक्टर को सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन





छत्तीसगढ़ किसान यूनियन ने भारत सरकार से अमेरिका के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करने की मांग की है। यूनियन ने इस संबंध में सोमवार को कलेक्टर से मुलाकात कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया।

किसान यूनियन का कहना है कि अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित भारत अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते ने गंभीर परिस्थिति उत्पन्न कर दी है। भारत सरकार ने एक साम्राज्यवादी शक्ति के दबाव में देश की आत्मनिर्भरता और संप्रभुता को संकट में डाल दिया है। भारत सरकार ने अंतरिम समझौते पर मौन साध रखा है। भारत ने जहां अमेरिकी कृषि उत्पादों पर 30 से 150 प्रतिशत तक शुल्क शून्य करने की सहमति दी है। वहीं अमेरिका भारतीय उत्पादों पर 18 प्रतिशत शुल्क लगाएगा। यह पहले की तुलना में 2.5 प्रतिशत से 7 गुना अधिक है। सस्ता रूसी तेल बंद करना तथा अमेरिका को ऐसे आयातों पर निगरानी की अनुमति देना अन्यथा 25 प्रतिशत दण्डनात्मक शुल्क आदेश का फरमान निंदनीय है।

यूनियन ने कहा है कि अमेरिका में 18.16 लाख किसान हैं। भारत में किसान परिवारों की संख्या 11.10 करोड़ है। अमेरिका में किसानों को 21 लाख 56 हजार रूपये की सब्सिडी दी जाती है। तकनीकी के साथ आधुनिक कृषि की जाती है। भारत के किसानों को सब्सिडी नहीं के बराबर दी जाती है। ऐसे में भारत के किसान अमेरिका के किसानों से स्पर्धा नहीं कर सकता। इस तरह विदेशी कृषि उपज मुफ्त आयात से डेयरी, फल, सबजी, कपास, गन्ना, मक्का, धान, गेंहू के कृषक पूरी तरह से तबाह ⏩ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### मुनि संघ का आज नगर प्रवेश

**धमतरी।** धर्मनगरी धमतरी में आज का सूर्योदय आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ होगा। आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य आगमसागर महाराज एवं पुनीतसागर महाराज का आज 10 मार्च को मंगल आगमन होने जा रहा है। दिगंबर जैन पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुनि संघ का मंगल प्रवेश प्रातः 8:30 बजे रत्नाबंधा चौक से होगा। मुनिराजों की अगवानी के लिए जैन समाज द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। श्रद्धालु बाजे-गाजे और भक्ति भाव के साथ गुरुवर का भव्य स्वागत करेंगे। रत्नाबांधा चौक से मंगल प्रवेश के पश्चात मुनि नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गंतव्य की ओर प्रस्थान करेंगे, जहां गुरुभक्त पाद प्रक्षालन और आरती का सौभाग्य प्राप्त करेंगे।

### मंदिर में ज्योति कलश पंजीयन प्रारंभ

**मगरलोड।** करेलीछोटी निवासी रामेश्वर भगत के निवास में मां दुर्गा, काली का मंदिर है। नवरात्रि 19 मार्च से प्रारंभ हो रही है। ज्योति जलाने के लिए पंजीयन प्रारंभ हो गया है। तैयारी में श्रद्धालु जुटे हैं।

### पेंशनर्स संघ भखारा की मासिक बैठक 11 को

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा की मासिक बैठक 11 मार्च को दोपहर 12 बजे से आयोजित की जायेगी। इस दौरान जन्म दिवस एवं नये सदस्यों का सम्मान तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। सदस्यों से समय पर उपस्थित होने की अपील अध्यक्ष भगवानी राम शांडिल्य एवं सचिव शत्रुहनलाल साहू ने की है।

### बाघदेही मंदिर में ज्योति पंजीयन प्रारंभ

**मगरलोड।** ग्राम साल्हेभाट (छुही) में मां बाघदेही मंदिर स्थापित है। मां के दरबार में चैत्र नवरात्रि पर ज्योति कलश स्थापित की जायेगी। ज्योति कलश के लिए पंजीयन प्रारंभ हो चुका है। पंजीयन शुल्क 1051 रूपये है। तैयारी में मां बाघदेही सेवा समिति के अध्यक्ष लगन दास, उपाध्यक्ष निरंजन साहू, सचिव टीकम दास, कोषाध्यक्ष गीतराम साहू, इखलेश साहू जुटे हैं।

चार माह पहले घायल ने आरोपी पर किया था हमला, इतवारी बाजार स्थित सेलून की घटना

# हंसिया से हुए हमले का बदला चाकू मारकर लिया, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी







चार महीने पहले हंसिया से किए हमले का बदला लेने युवक ने सेलून में बाल कटवाने बैठे दूसरे युवक की गर्दन व पीठ पर चाकू उतार दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

शहर में चाकूबाजी की घटनाएं कहीं भी कभी भी की तर्ज पर हो रही है। सोमवार की दोपहर दिनदहाड़े चाकूबाजी की घटना इतवारी बाजार के काम्प्लेक्स स्थित प्रदीप सेलून नाम की दुकान में हुई है। बांसपारा निवासी प्रिंस नेताम पिता विष्णु बाल कटवाने के लिए प्रदीप सेलून में पहुंचा था। युवक सेलून में रखी कुर्सी पर बैठा हुआ था। इसी दौरान बांसपारा के आशुतोष यादव उर्फ आशीष पिता श्रीराम यादव उम्र 20 वर्ष अपने साथियों के साथ सेलून दुकान पहुंचा। चार महीने पहले प्रिंस द्वारा हंसिया से किए हमले का बदला लेने आशीष ने प्रिंस नेताम की गर्दन व पीठ में लंबा फल वाला चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। घटना में प्रिंस खून से लथपथ होकर जान बचाने अस्पताल व घर की तरफ भागने लगा। वहीं हमला करने बाद आरोपी आशुतोष यादव भी मौके से फरार हो गया। हमले में घायल प्रिंस को कुछ लोगों ने उपचार ⏩ शेष पेज 10 पर

### पुरानी दुश्मनी का बदला

पुलिस के अनुसार बांसपारा निवासी आशुतोष यादव उर्फ आशीष का मोहल्ले के प्रिंस नेताम के साथ पहले से रंजिश चली आ रही थी। बीते नवम्बर माह में आशीष यादव पर प्रिंस नेताम ने हंसिया से हमला कर घायल किया था। इस मामले में पुलिस ने प्रिंस नेताम को गिरफ्तार कर बाल संप्रेषण गृह भेजा था। आशीष यादव उससे हमले का बदला लेने की फिराक में था। सोमवार को उसे बदला लेने का मौका मिल गया। बाल कटवाने के लिए इतवारी बाजार स्थित प्रदीप सेलून में बैठे प्रिंस नेताम को अकेला देख आरोपी आशीष यादव ने उसकी गर्दन व पीठ पर चाकू घोंप दिया। हमले के बाद चाकू के कवर को सेलून में फेंककर आरोपी मौके से फरार हो गया।

# हाईस्पीड बाइक साइन बोर्ड से टकराई, दो युवक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





▪ डोमा के पास हुआ हादसा

भखारा मार्ग से होते वापस रायपुर लौट रहे युवकों की तेज रफ्तार बाइक ग्राम डोमा के पास सड़क किनारे लगे साईन बोर्ड से टकरा गई। घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार रायपुर निवासी मनीष ढीमर पिता रेवाराम उम्र 24 वर्ष अपने साथी दीपक साहू के साथ किसी काम से धमतरी आया था। रविवार की शाम दोनों बाइक में सवार होकर भखारा मार्ग से होते हुए धमतरी से वापस अपने घर रायपुर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे साईन बोर्ड से टकरा गई। इस हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर संजीवनी 108 तत्काल घटनास्थल पहुंची और सड़क पर पड़े घायल दोनों युवकों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को बेहतर उपचार के लिए रिफर कर दिया गया। घायलों में से एक युवक को रायपुर ले जाया गया है वहीं दूसरे को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# रिटायर्ड फौजी को पंचायत ने जमीन देने से किया इंकार



▪ ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कुरूद विकासखंड के ग्राम चिंवरी में रिटायर्ड फौजी को शासकीय जमीन देने के प्रस्ताव को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्राम पंचायत और ग्राम विकास समिति ने जमीन देने से इंकार कर दिया है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर विरोध दर्ज कराया और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा ।

ग्राम चिंवरी निवासी रिटायर्ड सैनिक कमलेश साहू ने गांव की शासकीय घास जमीन की मांग की थी। जमीन देने के प्रस्ताव को पंचायत तथा ग्राम समिति ने इंकार कर दिया। चिंवरी सरपंच संजीत साहू, उपसरपंच भोलाराम, मोतीरात, अशोक ने बताया कि गांव की शासकीय जमीन खसरा नं 904 रकबा 4 एकड़ हाईस्कूल के लिए पूर्व से आरक्षित है। खसरा नं.900 की 50 डिसमिल जमीन चारागाह के लिए सुरक्षित है। ऐसे में इस जमीन को देना उचित नहीं है। जमीन की मांग को लेकर कमलेश साहू ने इश्तहार जारी किया है जिस पर पंचायत तथा ग्राम विकास समिति ने आपत्ति दर्ज कराई है। 1 मार्च को गांव की बैठक में जमीन नहीं देने का फैसला लिया गया है। गांव में कोई रिक्त जमीन नहीं है। पूर्व में भी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की गई थी। ⏩ शेष पेज 10 पर

# जहर सेवन से युवक की मौत

**धमतरी।** जहर सेवन करने के बाद अस्पताल में उपचार कराकर घर लौटे युवक की दूसरे दिन मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम छाती निवासी परमेश्वर चतुर्वेदी पिता गोवर्धन उम्र 35 वर्ष मजदूरी का काम करता था। बीते 5 मार्च को युवक ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया था। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां तीन दिन चले उपचार से स्वास्थ्य में सुधार होने पर युवक को रविवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। परिजन युवक को अस्पताल से घर छाती ले गए। रविवार की रात्रि तक युवक ठीक था। सोमवार की सुबह युवक की अचानक तबीयत बिगड़ने लगी। सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। परिजन उसे उपचार के लिए दोबारा जिला अस्पताल ला रहे थे। इसी दौरान ग्राम सांकरा के पास रास्ते में युवक की मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।




सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद पदोन्नति पर मंडरा रहा संकट

# 70 प्रतिशत शिक्षक टेट पास नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा नहीं दिलाई है। अब उनकी पदोन्नति पर संकट मंडरा है। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित समय-सीमा में शिक्षक यह परीक्षा पास नहीं करते हैं तो उनकी नौकरी पर भी आफत आ सकती है।

शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने और शिक्षा का अधिकार अधिनियम का कड़ाई पालन सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर को एक ऐतिहासिक फैसला दिया है जिसमें कक्षा 1 से 8 तक के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करना अनिवार्य कर दिया है। जिन शिक्षकों का कार्यकाल 5 वर्ष से अधिक बाकी है, उन्हें 2 साल के भीतर यह परीक्षा उतीर्ण करने को कहा गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार परीक्षा पास नहीं करने की स्थिति में शिक्षकों की पदोन्नति पर रोक लगा दी जाएगी। उनकी सेवा भी समाप्त की जा सकती है। इस निर्देश को 9 माह होने वाले हैं, लेकिन अब तक जिले में पदस्थ शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा पास नहीं की है।

### अधिकांश शिक्षक पास नहीं

जानकारी के अनुसार जिले में 6 हजार से ज्यादा शिक्षक कार्यरत हैं, जिसमें से करीब 70 प्रतिशत शिक्षक टीईटी परीक्षा पास नहीं हैं। हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में तो 90 प्रतिशत व्याख्याताओं ने यह परीक्षा पास नहीं की है। इसी प्रकार मिडिल स्कूल के करीब 70 प्रतिशत और प्राइमरी स्कूल के 50 प्रतिशत शिक्षकों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है। अब इन शिक्षकों की पदोन्नति संकट में है।

### विभागीय परीक्षा की मांग

उधर शिक्षकों ने लोक शिक्षण संचालनालय से विभागीय स्तर पर शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करने की मांग की है। शिक्षक वर्षों से सेवा दे रहे हैं। उन्हें अनुभव का लाभ मिलना चाहिए। परीक्षा का पाठ्यक्रम व्यावहारिक एवं सेवा, अनुभव पर आधारित रखने की मांग की गई है। परीक्षा प्रक्रिया सरल एवं ऑफलाइन रखने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**धमतरी।** पुरुर मार्ग से गुजर रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की रास्ते में मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी निवासी विष्णु पटेल पिता दूजेश्वर उम्र 38 वर्ष अपने ममेरे भाई गुरुर निवासी सुनील पटेल के घर में रहकर बाड़ी का काम करता था। रविवार को विष्णु सुनील की मोटरसाइकिल को मांगकर किसी काम से गुरुर से पुरुर जा रहा था। इसी दौरान पीपरे पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने उसकी मोटरसाइकिल को ठोकर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को निजी वाहन की मदद से उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।

### बीमारी से परेशान अधेड़ ने की आत्महत्या

**धमतरी।** शारीरिक बीमारी से पीड़ित अधेड़ ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस व परिजनों के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सलोनी निवासी सनत घृतलहरे पिता बखरिया उम्र 57 वर्ष गले की बीमारी से पीड़ित था। उसे खाना निगलने में कठिनाई होती थी। उसे इलाज के लिए कुछ दिन पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के बाद अधेड़ शनिवार को अस्पताल से छुट्टी लेकर अपने घर सलोनी चला गया। रविवार को अधेड़ ने गले की बीमारी से परेशान होकर जोगीडीह मार्ग पर स्थित पेड़ में कपड़े का फंदा बना फांसी लगा ली। दोपहर में घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने केरेगांव पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पहुंच पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते का ...

हो जाएंगे। अमेरिका से आयात से भारतीय किसानों की फसल की कीमतें गिरेंगी। कृषि उत्पाद की अच्छी कीमत के लिए किसानों को संकट का सामना करना पड़ेगा। भारत अमेरिका द्विपक्षीय समझौता किसानों के हित में नहीं है। समझौते को तत्काल रद्द करने की मांग किसान यूनियन ने की है। कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने के दौरान यूनियन के जिलाध्यक्ष घनाराम साहू, दीनदयाल, देवनारायण साहू, महावीर साहू, रामविशाल, रामनिहोरा निषाद, सुदर्शन ठाकुर, महिपाल साहू, भुवन सिन्हा, पवन साहू, थानूराम, हनुमान सिन्हा, पुस्कल साहू मौजूद थे।

### हंसिया से हुए हमले का बदला चाकू मारकर...

के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद सेलून संचालक की सूचना पर कोतवाली पुलिस व एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी। इधर घटना के बाद जांच में जुटी पुलिस फरार आरोपी आशुतोष यादव उर्फ आशीष को गिरफ्तार कर धारा 109(1), 296, 351(3) के तहत आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### रिटायर्ड फौजी को पंचायत ने जमीन देने ...

ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मामले में हस्तक्षेप कर उचित कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्राम विकास समिति के ठाकुर रामपाल, गिरवर यादव, विष्णु साहू, लखनलाल, केतन साहू, मुकेश, चंद्रहास, छबिलाल, ईश्वर, बहुराम, समयलाल, हिंगराम उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**// नोटिस //**

क्रमांक/ /तह./वा./2026 धमतरी दिनांक 06/03/2026

प्रति,

01. गंगा बाई
02. कौशिल्या
03. रमशीला

सभी के पिता बलदेव
तीनों निवासी बेन्द्रानवागांव धमतरी
तह. व जिला धमतरी

विषयः- आगामी सुनवाई दिनांक को उपस्थिति प्रस्तुत करने बाबत्।
संदर्भः-इस न्याया. का रा.प्र.क्र. 202602130700042 अ-6 अ वर्ष 2024-25।

---00---

उपरोक्त संदर्भित विषयांतर्गत लेख है, कि आवेदक सुरेश कुमार पिता रामजी ध्रुव निवासी ग्राम बेन्द्रनवागांव तह. व जिला धमतरी के द्वारा ग्राम बेन्द्रानवागांव तह. व जिला धमतरी में स्थित ख.नं. 227 रकबा 0.02 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि को आवेदक के द्वारा रजिस्टर्ड बिक्री पत्र के माध्यम से क्रय कर कब्जा प्राप्त किया गया है। जिसका नामांतरण हो चुका है। वर्तमान ऑनलाईन अभिलेख में किसी अन्य व्यक्ति का नाम दर्ज दिख रहा है। जिसका त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 18/03/2026 तक इस न्यायालय में न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जावेगा। अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। जिसकी जवाबदेही स्वयं की होगी।

आज दिनांक 06/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
धमतरी (छ.ग.)

### सोंढूर नहर की कांटानाली में पाइप लगाकर नदी में पानी लाने की मांग

# बालका नदी में अवैध रेत उत्खनन से भू-जल स्तर गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



नगरी क्षेत्र की बालका नदी में इन दिनों बेखौफ अवैध रेत उत्खनन जारी है, जिससे नदी का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। इससे आसपास के कई गांवों में भू-जल स्तर गिरने लगा है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही नगरी विकासखंड के ग्राम घटुला सहित आसपास के गांवों में जल संकट की स्थिति बनने लगी है।

ग्रामीणों का कहना है कि नदी में पानी की कमी के कारण अवैध रूप से रेत निकासी का काम तेज हो गया है। लगातार रेत निकालने से नदी दिन-ब-दिन गहरी खाई में तब्दील होती जा रही है तथा नदी किनारों का कटाव भी बढ़ रहा है। इसका सीधा असर आसपास के कुओं, तालाबों और भू-जल स्तर पर पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत घटुला, पोड़ागांव, लखनपुरी सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने सोंढूर नहर की कांटा नाली में बड़ा पाइप लगाकर बालका नदी में पानी लाने की मांग प्रशासन से की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि नाली में बड़ा पाइप लगाकर पानी को बालका नदी तक पहुंचाया जाए, तो नदी का जल स्तर बरकरार रहेगा और क्षेत्र के कुएं तथा तालाब भी सूखने से बच जाएंगे।

ग्रामीणों के अनुसार जिस प्रकार सोंढूर डैम से छोड़ा गया पानी महानदी के माध्यम से दुधावा डैम तक पहुंचता है, उसी तरह यदि यहां के पानी को भी डायवर्ट कर बालका नदी में लाया जाए तो इसका लाभ आसपास के दर्जनों गांवों को मिलेगा। इससे निस्तारी की समस्या भी काफी हद तक दूर हो सकती है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि बालका नदी में पर्याप्त पानी उपलब्ध हो जाए तो मवेशियों, जंगली जानवरों और अन्य जीव-जंतुओं को भी पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध रेत उत्खनन पर रोक लगाने और नदी में पानी लाने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में बढ़ते जल संकट से राहत मिल सके।

# शिक्षित एवं संस्कारवान समाज बनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव





जीजामगांव राज का जी-जामगांव मुख्यालय में शपथ ग्रहण एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां शाकंभरी की पूजा-अर्चना से हुई। अतिथियों ने अपने संबोधन में समाज को संगठित करने, शिक्षित एवं संस्कारवान बनाने पर जोर दिया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, प्रदेश सलाहकार बंशीलाल पटेल, जिला अध्यक्ष रायपुर ईश्वर पटेल, जिला अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार पटेल, तहसील अध्यक्ष कुरूद धनेश्वर प्रसाद, तहसील सचिव भोजराज पटेल, बगौदराज अध्यक्ष सियाराम पटेल, उपाध्यक्ष वासुदेव पटेल, जीजामगांव राज अध्यक्ष राधेलाल पटेल, पूर्व अध्यक्ष कपिल पटेल, सचिव कुलेश, कोषाध्यक्ष नूतन राम पटेल, संरक्षक बैशाखूराम, दुर्गेश, सलाहकार मनहरण पटेल, रामखिलावन पटेल, भागीरथ पटेल, नेतराम पटेल समेत अन्य मौजूद रहे।

# अंचल की नारी शक्तियों ने किया संस्कार जागरण का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

■ वैचारिक क्रांति और स्वाध्याय पर दिया जोर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगरी ब्लॉक की महिलाओं ने समाज में फैली कुरीतियों को जड़ से मिटाने और आने वाली पीढ़ी को सुसंस्कृत बनाने का दृढ़ संकल्प लिया। रायपुर जोन प्रभारी सुश्री रूक्मणि बंछोर और धमतरी जिला प्रभारी श्रीमती गायत्री बोदेले के नेतृत्व में आयोजित इस संपर्क अभियान ने नारी सशक्तिकरण की एक नई परिभाषा लिखी।

प्रभारी बहनों ने अपने उद्बोधन में कहा कि सशक्तिकरण केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक भी होना चाहिए। माताजी की जन्मशताब्दी को आधार बनाकर घर-परिवार से व्यसन मुक्ति और कुरीतियों के उन्मूलन की अपील की। महिला मंडल को नारी जागरण साहित्य सेट भेंटकर उन्हें स्वाध्याय (नियमित पढ़ने) से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे ज्ञान के प्रकाश से समाज को नई दिशा दे सकें।

कस्तूरबा गांधी छात्रावास निर्राबेड़ा में बाल एवं किशोर संस्कार शाला के माध्यम से छात्राओं को आज के सोशल मीडिया के दौर में आदर्श विद्यार्थी बनने के गुर सिखाए गए। युवा सरपंच को भी पंचायत में युग सत्संकल्प के नियमित वाचन हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई, ताकि गांव का हर नागरिक नैतिक मूल्यों से जुड़ सके।

# शिव सरोवर में हुआ नारी शक्तियों का सम्मान

## माताएं परिवार, समाज और विश्व की आधारशिला हैं : बीके सरिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वंदना विहार कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शिव सरोवर में वंदे मातरम स्वर्णिम भारत थीम पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आध्यात्मिक ज्ञान, देशभक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नारी शक्ति का गौरवपूर्ण सम्मान किया गया। इस अवसर पर शिव सरोवर परिसर मातृशक्ति की उपस्थिति से शक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम की अतिथि पूर्व विधायक रंजना साहू, कांग्रेस जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल, निगम सभापति कौशल्या देवांगन, समाजसेविका प्रभा रावत, इनरव्हील क्लब की पूर्व डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन जागृति दोशी रहीं। ब्रह्माकुमारी बहनों ने अतिथियों का तिलक, बैज और आध्यात्मिक पट्टा पहनाकर स्वागत किया।

इस दौरान समाज सेवा, शिक्षा और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं गोपी काररा, सुशीला तिवारी, डॉ. आराधना गुप्ता, डॉ. रूपिका अग्रवाल, मीना बैगा, नीरू नंदा, शशि त्यागी, बबीता कश्यप, यशोदा सोनकर, ममता खालसा और नम्रता पाठक का सम्मान किया गया।

बीके सरिता बहन ने कहा कि माताएं परिवार, समाज और विश्व की आधारशिला हैं। यदि नारी आध्यात्मिकता और श्रेष्ठ संस्कारों को अपनाएं तो मूल्ययुक्त समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में देशभक्ति गीत-नृत्य, स्वर्णिम भारत वंदे मातरम नृत्य नाटिका, राधा-कृष्ण के साथ फूलों की होली और नारी तू कोमल है कमजोर नहीं गीत की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन कामिनी कौशिक, सुषमा नंदा और आभार व्यक्त प्राजक्ता बहन ने किया।

# ट्रेनिंग से निखर रहा विद्यार्थियों का व्यक्तित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड





मेघा में संचालित क्षेत्र के अग्रणी शिक्षण संस्थान रेनबो इंग्लिश मीडियम स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एक अनोखी पहल की जा रही है। विद्यालय में बच्चों को नियमित रूप से मिलिट्री आधारित फिजिकल ट्रेनिंग और अनुशासन शिक्षा प्रदान की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास हो रहा है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विद्यार्थियों को परेड, ड्रिल, शारीरिक व्यायाम, टीमवर्क तथा अनुशासन के विभिन्न पहलुओं का अभ्यास कराया गया। ट्रेनिंग के माध्यम से बच्चों को समय का पालन, जिम्मेदारी और देशभक्ति की भावना भी सिखाई जा रही है।

विद्यालय के डायरेक्टर पारख दास मानिकपुरी ने बताया कि आज के समय में केवल किताबी शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चों का शारीरिक, मानसिक और व्यक्तित्व विकास भी उतना ही जरूरी है। इसी उद्देश्य से विद्यालय में मिलिट्री स्टाइल फिजिकल ट्रेनिंग और अनुशासन शिक्षा को विशेष रूप से शुरू किया गया है। अभिभावकों का कहना है कि ऐसी गतिविधियों से बच्चों में अनुशासन, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है, जो उनके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है।

### जीवन संध्या में 10 को रंगपंचमी महोत्सव

**धमतरी।** श्री जलाराम ज्ञान यज्ञ समिति द्वारा संचालित रुद्री स्थित जीवन संध्या (वृद्धाश्रम) में 10 मार्च को होली मिलन एवं रंगपंचमी महोत्सव मनाया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मंगलवार 10 मार्च को शाम 5 बजे से 7 बजे तक रुद्रेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित जीवन संध्या वृद्धाश्रम परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत कृष्णजी की आरती से होगी, जिसके बाद फाग गीत, फूलों की होली खेली जायेगी। समिति के अध्यक्ष बिपिन पटेल, सचिव प्रकाश गांधी तथा कोषाध्यक्ष लखमशी भानुशाली ने लोगों से शामिल होने की अपील की है।

### सशिमं मोहंदी में आयोजित आचार्य आवर्ती वर्ग में नई शिक्षा नीति पर हुई चर्चा

# उच्च पदों पर पहुंचे विद्यार्थियों का भी होना चाहिए सम्मान : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ प्रांत के निर्देशानुसार ब्लॉक स्तरीय आचार्य आवर्ती वर्ग का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर मोहंदी में किया गया।

विद्यालय के संयोजक पुरुषोत्तम सिन्हा ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर के माध्यम से बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा दी जाती है, जिससे वे संस्कारवान बनते हैं। उन्होंने कहा कि इस संस्था से पढ़कर उच्च पदों पर पहुंचने वाले छात्र-छात्राओं का भी सम्मान किया जाना चाहिए, ताकि अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिल सके।

सरगी के सरपंच हरिविनायक सिन्हा ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ने वाले कई विद्यार्थी आज आईएएस और आईपीएस जैसे उच्च पदों पर कार्यरत हैं। सरपंच प्रतिनिधि देवकरण सेन ने कहा कि यहां के शिक्षकों का मार्गदर्शन बच्चों के साथ-साथ समाज को भी मिलना चाहिए। संस्था में पढ़ने वाले बच्चे नशा और अनैतिक कार्यों से दूर रहकर संस्कारवान बनते हैं।

प्रथम सत्र में शिक्षक मोहन लाल साहू ने परीक्षा पर चर्चा करते हुए शिक्षा प्रणाली में हो रहे बदलाव, केंद्रीकृत परीक्षा प्रणाली, 1986 की शिक्षा नीति और 2020 की नई शिक्षा नीति के बीच अंतर तथा शिक्षण कौशल के ब्लॉक मॉडल की जानकारी दी। द्वितीय सत्र में सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति के अध्यक्ष दीनबंधु सिन्हा ने सभी शिक्षिकाओं को विश्व महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं के बिना समाज और राष्ट्र अधूरा है। उन्होंने गतिविधि आधारित शिक्षा, नवाचार और कमजोर विद्यार्थियों के स्तर को ऊपर उठाने पर जोर दिया। साथ ही वार्षिक परीक्षा परिणाम की प्रगति पत्र भरने की प्रक्रिया भी समझाई।

इस अवसर पर केजुराम साहू, राकेश साहू, कृष्ण कुमार ध्रुव, फत्तेलाल साहू, गोविंद राम यादव, चेलाराम पटेल, शंकरलाल साहू सहित संकुल के 12 विद्यालयों के आचार्य-दीदी उपस्थित रहे।

## अंचल की खबरें

### होली पर बच्चों ने नगाड़ा बजाकर किया नृत्य



**सिर्री।** ग्राम बकली के भारत माता विद्यालय में इस वर्ष भी बच्चों ने नगाड़ा बजाकर नृत्य किया और धूमधाम से होली पर्व मनाया। एक दूसरे पर गुलाल लगाया। मौके पर विद्यालय स्टाफ लता पटेल, खिलेश्वरी, रेशमा, हेमलता, टीआर कौशिक सहित अन्य मौजूद थे।

### जरवायडीह में रास लीला के साथ मनाई होली



**अंवरी।** जय दुर्गे मानस एवं दुर्गा उत्सव समिति गायत्री चौक जरवायडीह के सदस्यों ने छोटे छोटे बच्चों के साथ मिलकर कृष्ण और राधा की रास लीला करते हुए होली मनाई। बताया जाता है कि ग्राम जरवायडीह के गायत्री चौक में विगत 30 से 40 वर्षों से यह परंपरा चली आ रही है। पहले पूर्वजों ने यह परंपरा चालू की थी जो आज भी कायम है। इस परंपरा का निर्वहन कृष्ण की रास लीला के साथ आज भी किया जा रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष भागीरथी पटेल, उपाध्यक्ष गिरधर पटेल, सचिव झम्मन पटेल, व्याख्याकार शैलेन्द्र धनकर, तबला वादक दुर्गेश पटेल, सलाहकार बैशाखूराम पटेल, बीरसिंग पटेल, अमरसिंह पटेल, केदार पाल समेत अन्य मौजूद रहे।

### जोहार छग पार्टी के विकास अध्यक्ष बने



**कुरूद।** जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने संगठन विस्तार करते हुए कुरूद क्षेत्र में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। पार्टी नेतृत्व ने विकास चंद्राकर को कुरूद का अध्यक्ष और परमेश्वर मांडवी को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि नए पदाधिकारियों के जुड़ने से क्षेत्र में संगठन को नई मजबूती मिलेगी और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। नवनियुक्त अध्यक्ष विकास चंद्राकर ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे और छत्तीसगढ़िया हितों को लेकर कुरूद क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। वहीं परमेश्वर मांडवी ने भी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प जताया। इस दौरान अमित वर्मा, निखिलेश देवान साहू, डॉ. प्रेमूराम सिन्हा, बसंत साहू, गैंदलाल सिन्हा, सोमेंद्र और जयप्रकाश उपस्थित थे।

### बेलरदोना में श्रीमद् भागवत कथा पुराण जारी

**मगरलोड।** ग्राम बेलरदोना में सिन्हा परिवार द्वारा स्व. श्रीमती चंद्रकला सिन्हा की स्मृति में श्रीमद् भागवत कथा पुराण का आयोजन 8 से 16 मार्च तक किया गया है। भागवताचार्य उमेशनारायण शास्त्री अवध सिद्धेश्वरी धाम अभनपुर हैं। परायणकर्ता मनीष कुमार तिवारी हैं।



प्रथम दिवस 8 मार्च रविवार को जलकलश यात्रा, वेदी पूजन एवं गौकर्ण कथा, 9 मार्च सोमवार को सृष्टि विस्तार एवं वराह अवतार की कथा हुई। 10 मार्च मंगलवार को कपिल अवतार, सती प्रसंग एवं ध्रुव चरित्र कथा, 11 मार्च बुधवार को प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन एवं वामन अवतार कथा, 12 मार्च गुरुवार को राम जन्मोत्सव एवं कृष्ण जन्मोत्सव कथा, 13 मार्च को श्री कृष्ण बाल लीला एवं माखन चोरी कथा, 14 मार्च को चीर हरण, रासलीला एवं रुक्मणि विवाह कथा,15 मार्च को सुदामा चरित्र एवं तुलसी वर्षा, 16 मार्च को गीता ज्ञान, हवन, कपिला तर्पण एवं महाप्रसादी भंडारा होगा। कथा दोपहर 1 बजे से शुरू होगी। फागू राम सिन्हा सेवानिवृत शाखा प्रबंधक जिला सरकारी बैंक ने भागवत प्रेमियों से कथा का रसपान करने की अपील की है।

### भेंडरा में महिला कमांडो का गठन



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत भेंडरा में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देते हुए महिला कमांडो दल का गठन किया गया है। यह महिला समूह गांव में नशा मुक्ति अभियान,साफ-सफाई और विभिन्न सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। महिला कमांडो के गठन से गांव के विकास कार्यों को नई दिशा मिल रही है। गांव की मातृ शक्ति सामाजिक जागरूकता फैलाने के साथ-साथ हर समस्या के समाधान में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। महिला कमांडो दल की अध्यक्ष श्रीमती मीना साहू को बनाया गया है, वहीं उपाध्यक्ष के रूप में श्रीमती सुनीति साहू और सचिव के रूप में श्रीमती उर्मिला साहू जिम्मेदारी निभा रही हैं। यह जानकारी मागेंद्र शर्मा ने दी है।

### पुराना बाजार में शौचालय की कमी



**भखारा।** नगर पंचायत भखारा के पुराना बाजार चौक के पास सार्वजनिक शौचालय की कमी के चलते स्थानीय व्यापारियों एवं राहगीरों को तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में बना शौचालय जर्जर हो चुका है। शौचालय में पुरुषों एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग व्यवस्था होना जरूरी है। शौचालय की दीवार पर महिला एवं पुरुष का चित्र भी नहीं होने के कारण कई बार महिलाओं को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। नगर का हृदय स्थल होने के कारण यह भीड़ भाड़ वाला स्थान है। यहा शौचालय जरूरी है। शौचालय में पानी की भी व्यवस्था जरूरी है। नगरवासियों ने मुख्य नगर पंचायत अधिकारी संतोष विश्वकर्मा से शीघ्र शौचालय बनवाने की मांग की है।

## अंचल की खबरें

### नगाड़ों की थाप पर गूंजा फाग गीत



**धमतरी।** किले के राम मंदिर में ब्राह्मण समाज ने जमकर होली खेली। नगाड़ों की थाप पर जमकर रंग गुलाल उड़े। हरे, पीले, नीले कई रंग के गुलाल से चेहरे रंगीन नजर आए। महिलाओं में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। रंग पंचमी के अवसर पर रविवार को ब्राह्मण समाज ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम इतवारी बाजार स्थित किले के श्रीराम मंदिर में था। करीब 3 बजे कार्यक्रम शुरू हुआ, जो शाम तक चलता रहा। होली मिलन में समाज के जिलाध्यक्ष राकेश दीवान सहित अन्य लोगों ने खूब नगाड़े बजाए और फाग गीत गाए। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे पर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

### छात्रों ने राधाकृष्ण की वेशभूषा में किया रहस नृत्य



**धमतरी।** पीएम श्री प्राथमिक शाला अरौद में होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। कक्षा बालवाड़ी से कक्षा पांचवी तक के छात्रों ने राधाकृष्ण की वेशभूषा में रहस नृत्य किया। एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया। स्कूल की प्रधानपाठिका श्रीमती पुष्पलता यादव ने सभी छात्रों को भक्त प्रहलाद की कथा के माध्यम से होली पर्व की महत्ता बताई। नगाड़े की थाप पर छोटे-छोटे बच्चों ने फागुन गीत गया एवं नृत्य किया। मौके पर शिक्षक प्रमोद कुमार ध्रुव, योग शिक्षक यशवंत कंवर, संगीत शिक्षक देवेंद्रप्रताप साहू, नेतराम पटेल समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### शिक्षिकाओं, रसोइयों, स्वीपर का हुआ सम्मान



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला खरतुली में विश्व महिला दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय में कार्यरत महिला कर्मचारियों ने मां सरस्वती के छाया चित्र की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिक्षिका राजेश्वरी, तारकेश्वरी ने विश्व महिला दिवस पर प्रकाश डाला। महिला कर्मचारियों का स्वागत प्रधानपाठक दीनबन्धु सिन्हा एवं बाल संसद के बालकों ने श्रीफल, कलम एवं कप प्रदान कर किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक दीनबन्धु सिन्हा द्वारा किया गया। मौके पर शिक्षिका राजेश्वरी ठाकुर, तारकेश्वरी सोनबेर, रसोइया ललिता, ओमेश्वरी, स्वीपर तुलसी उइके समेत बाल संसद के सभी छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

### भारत की टी 20 वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक जीत



**नगरी।** भारत ने जैसी ही न्यूजीलैंड को 96 रनों से टी 20 वर्ल्ड कप में हराया एवं विश्व कप पर तीसरी बार जीत हासिल की वैसे ही नगर के बाजरंग चौक में भारत माता के जयकारे गूंजे। नगर के सेकंड वाइफ रेस्टोरेंट में युवाओं द्वारा बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाकर क्रिकेट मैच का सीधा प्रसारण देखा गया। जैसे ही भारतीय टीम ने जीत दर्ज कर विश्व कप पर कब्जा जमाया, वैसे ही युवाओं ने जोरदार तालियों और आतिशबाजी के साथ खुशी का इजहार किया। उत्साहित युवाओं ने नगर में देशभक्ति गीतों के साथ रैली निकाली। रैली बजरंग चौक पहुंची, जहां युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की और भारत माता की जय के नारे लगाए। देशभक्ति गीतों पर युवा झूमते नजर आए और पूरा चौक रंग-बिरंगी आतिशबाजी से गुलजार हो गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, निखिल साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विकास जैन, यश संचेती, निखिल नेताम, सौरभ नाग, तरुण साहू, मोहित जैन, नानू संचेती, आकाश पंजाबी, मन्नत छाबड़ा ने नगरवासियों और देशवासियों को भारतीय टीम की जीत की बधाई दी तथा मिठाई बांटकर खुशियां साझा कीं।

### संत कबीरदास की वाणी मानव जीवन के लिए अमूल्य मार्गदर्शन है : रंजना



**धमतरी।** ग्राम परेवाडीह में आयोजित तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजनासाहू शामिल हुईं। कार्यक्रम में संत धर्मेंद्र साहेब ने कबीर साहेब की वाणी के माध्यम से मानव जीवन में सत्य, सदाचार, सेवा और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संतों की शिक्षाएं समाज को सही दिशा देने का कार्य करती हैं। इस अवसर पर श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि संत कबीरदास की वाणी मानव जीवन के लिए अमूल्य मार्गदर्शन है। कबीर साहेब ने अपने दोहों और वचनों के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों, भेदभाव और आडंबर का विरोध करते हुए सत्य और सरल जीवन का संदेश दिया है। आज भी उनके विचार समाज में समानता, भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि संतों के सत्संग से व्यक्ति के विचारों में सकारात्मक परिवर्तन आता है और जीवन में धर्म, संस्कार एवं मानवता के प्रति जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू, भाजपा नेत्री रीतिका यादव, क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाज के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### निधन : प्रह्लाद साहू



**सिर्री।** ग्राम चिंवरी निवासी प्रह्लाद साहू उम्र 73 वर्ष का निधन 6 मार्च को हो गया। वे रूक्मणि साहू के पति और संतोष कुमार और खेमनारायण के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए परिजन, समाजजन ग्रामीणजन काफी संख्या में शामिल हुए।

133 प्रोबेशनर अधिकारियों का दल दक्षिण सिंगपुर वन परिक्षेत्र के पम्पारनाला पहुंचा

# प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारियों ने सीखा भू-जल संरक्षण और वाटरशेड मैनेजमेंट का गुर



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ के वन प्रबंधन और जल संरक्षण मॉडल का अध्ययन करने के लिए भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के 133 प्रोबेशनर अधिकारियों का दल धमतरी जिले के दक्षिण सिंगपुर वन परिक्षेत्र स्थित पम्पारनाला पहुंचा। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून के वर्ष 2025-26 बैच के ये अधिकारी यहां 15 मार्च तक सॉइल एंड वाटर कंजर्वेशन मेजर्स विषय पर जमीनी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. श्रीनिवास राव के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (मानव संसाधन) श्रीमती शालिनी रैना, रायपुर सीसीएफ मणिवासगन एस. और दुर्ग सीसीएफ श्रीमती मर्सीबेला ने प्रशिक्षुओं को तकनीकी पहलुओं और वन प्रबंधन की बारीकियों से अवगत कराया।

प्रशिक्षु अधिकारियों को बेहतर समझ के लिए 8 समूहों में बांटा गया था। बलौदाबाजार डीएफओ गणवीर धम्मशील, राजनांदगांव डीएफओ आयुष जैन, कांकेर डीएफओ रौनक गोयल, दुर्ग डीएफओ दिपेश कपिल और बालोद डीएफओ अभिषेक अग्रवाल सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रुप लीडर के रूप में फील्ड पर लाइव डेमो और तकनीकी प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण दल 11 और 12 मार्च को कुसुमपानीनाला, कांसानाला और लकलकीनाला का दौरा करेगा। 14 मार्च को दुगली स्थित वन धन विकास केन्द्र में वनों के दोहन, कूप मार्किंग और कटाई कार्य का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन की टीमें भी सुरक्षा व आपातकालीन सेवाओं हेतु तैनात रहीं।

#### मिट्टी के कटाव से सिंचाई तक का सफर

धमतरी डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव ने प्रशिक्षुओं को पम्पारनाला परियोजना की सफलता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व में यहां अत्यधिक मृदा अपरदन (सॉयल एरोजन) और मानसून के बाद सूखे जैसी गंभीर समस्याएं थीं। इन्हें दूर करने के लिए स्थल के अनुरूप वैज्ञानिक उपचार किए गए हैं। प्रमुख संरचनाए ब्रशवुड चेकडेम, लूज बोल्डर चेकडेम, गेबियन संरचनाएं और 30-40 मॉडल का निर्माण है। इसका उद्देश्य पानी के बहाव को धीमा करना, मिट्टी के कटाव को रोकना और भू-जल स्तर को बढ़ाना है। इससे पम्पारनाला में अब बारहमासी जल भराव रहता है, जिससे न केवल सिंगपुर, कमईपुर और राउतमुड़ा के ग्रामीणों को सिंचाई सुविधा मिली है, बल्कि वन्यप्राणियों के लिए भी पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है।

### जिला औषधि विक्रेता संघ ने मनाया होली मिलन



**धमतरी।** जिला औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष राजेश साहू द्वारा जिला स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी, सदस्य, ड्रग विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा धमतरी जिले के पांच जोन और एक उपजोन के पदाधिकारी, मेडिकल संचालक और फार्मासिस्ट बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दुर्ग जिले से आए कलाकारों ने नर्तकी के रूप में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया, जिससे लोग झूमने और नाचने पर मजबूर हो गए। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और स्वरुचि भोज का आनंद लिया। कार्यक्रम के अतिथि विधायक ओंकार साहू ने केमिस्ट को समाज सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला बताया। पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने संगठन को मजबूत करते हुए समाज सेवा में सक्रिय रहने की बात कही। महापौर रामू रोहरा ने बिलासपुर संभाग प्रवास में व्यस्त होने के कारण कार्यक्रम में शामिल न हो पाने पर फोन के माध्यम से शुभकामनाएं दी।

## सामाजिक, राजनीतिक आर्थिक विषयों पर हुई चर्चा







- गोंडवाना गोंड महासभा की हुई वर्चुअल बैठक
- फूलो देवी नेताम के दूसरी बार राज्यसभा सदस्य बनने व डायमंड के यूपीएससी में चयन पर हर्ष जाहिर किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गोंडवाना गोंड महासभा की वर्चुअल बैठक 7 मार्च को राष्ट्रीय अध्यक्ष शिशुपाल शोरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रस्तावित राष्ट्रीय अधिवेशन महाराष्ट्र में आहूत किये जाने पर चर्चा की गई। सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक विभिन्न विषयों पर पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे।

इस अवसर पर महासभा की ओर से श्रीमती फूलो देवी नेताम के दूसरी बार राज्यसभा सदस्य के लिए छत्तीसगढ़ से निर्वाचित किए जाने एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की पूर्व सदस्य श्रीमती माया चिंतामण ईवनाते को महाराष्ट्र से राज्यसभा के लिए निर्वाचित किए जाने तथा डायमंड ध्रुव के यूपीएससी में चयनित होने पर शुभकामनाएं दी। बैठक में कनक गुरुपीठ कर्नाटक के पीठाधीश स्व. रामानंद स्वामी एवं दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष देव कुमार गोंड के निधन पर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक का संचालन राष्ट्रीय सचिव आरएन ध्रुव ने किया।

बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष खाम सिंह मांझी, प्रदेश अध्यक्ष नीलकंठ टेकाम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल मर्सकोले, राष्ट्रीय सचिव केएम मैत्री, दिवाकर पेंदाम, सच्चिदानंद गोंड, हेमंत ध्रुवा, डॉ. शंकरलाल उइके, रघुवीर सिंह मार्को, डॉ. नारवेन कासव टेकाम, महिला प्रभाग की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती हिरासन उइके, राष्ट्रीय महासचिव महिला प्रभाग कांति नाग, प्रदेश उपाध्यक्ष छग अंबिका प्रसाद शांडिल्य, संयुक्त सचिव जागेश्वर नेताम, भुवनेश्वर सिदार, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रभाग श्रीमती बसंता ठाकुर समेत अन्य मौजूद थे।

## होली के रंगों के साथ भुजंग आसन ताड़ासन, वृक्षासन का किया अभ्यास



- योग जीवन में संतुलन, अनुशासन और प्रसन्नता लाने का मार्ग है : निकिता

**धमतरी।** नेहरू गार्डन स्थित योग केंद्र में होली उत्सव सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। योगार्थियों ने एक-दूसरे को फूलों और गुलाल से रंग लगाकर होली का स्वागत किया। योगार्थियों ने योग ट्रेनर निकिता धरमगुड़ी के निर्देशन में अपने नियमित योगाभ्यास को भी पूरे उत्साह के साथ जारी रखा। प्राणायाम के साथ-साथ भुजंगासन, वीरभद्रासन, ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन सहित विभिन्न योग आसनों का अभ्यास किया गया, जिससे वातावरण में स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मकता का सुंदर समन्वय दिखाई दिया। योगाभ्यास के पश्चात सभी सदस्य होली और फाग गीतों की धुन पर झूम उठे। इस अवसर पर निखिल अग्रवाल, सुलेखा जोशी, रोमेश धरमगुड़ी, गोविंद कोसरिया, आशीष अग्रवाल, भावना यादव, सेवक साहू, आनंद जैस, लाल गवली, सत्यम, श्यामलाल यादव सहित अनेक योगार्थी उपस्थित थे। योग ट्रेनर निकिता ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम ही नहीं, बल्कि जीवन में संतुलन, अनुशासन और प्रसन्नता लाने का मार्ग है। निखिल अग्रवाल ने कहा कि योग के साथ इस तरह त्योहार मनाने से उत्सव की खुशियां और भी बढ़ जाती हैं। सुलेखा जोशी ने कहा कि नेहरू गार्डन में योग साथियों के साथ होली मनाना बहुत आनंददायक रहा। इससे आपसी अपनत्व और भी बढ़ता है। योग क्लास की संयोजिका डॉ. सरिता दोशी ने बताया कि नेहरू गार्डन में योग क्लासेस को दो वर्ष से अधिक समय हो चुका है। योगाभ्यास के लिए छायादार स्थान की आवश्यकता को देखते हुए नगर निगम को आवेदन दिया गया था, परिणामस्वरूप नेहरू गार्डन में योग शेड का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है।

## युवाओं को मिली स्वरोजगार की जानकारी



- महाविद्यालय में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

जिले के युवाओं, स्वयं सहायता समूहों तथा संभावित उद्यमियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र धमतरी द्वारा प्रबंधन संस्थान रायपुर तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास संस्थान रायपुर के सहयोग से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 105 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को उद्यमिता के अवसरों, उद्योग स्थापना की प्रक्रिया, वित्तीय सहायता के साधनों तथा शासकीय योजनाओं की जानकारी देना था, ताकि युवा स्वयं का उद्यम स्थापित कर रोजगार के नए अवसर सृजित कर सकें। कार्यक्रम के दौरान दुर्गेश पटेल ने स्टार्टअप और नवाचार आधारित व्यवसाय की संभावनाओं पर जानकारी दी। वहीं डीआईसीसीआई के नरेश बंजारे ने उद्यम स्थापना से जुड़ी योजनाओं, नीतियों तथा संस्थागत सहयोग के बारे में विस्तार से बताया। राहुल नाथ चौधरी ने निर्यात के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों और अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्थानीय उत्पादों की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। डीआरपी संदीप मेश्राम ने प्रबंधन संस्थान रायपुर में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी, जिसमें 35 प्रतिभागियों ने भाग लेने की इच्छा जताई। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र धमतरी के प्रबंधक प्रशांत चंद्राकर ने आभार व्यक्त किया तथा युवाओं से स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

## विज्ञान हमारे आसपास की दैनिक गतिविधियों में भी छिपा है : तुकाराम

- माध्यमिक शाला पंडरीपानी (मॉल) में "आओ ढूंढें कहां-कहां है विज्ञान" पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर माध्यमिक शाला पंडरीपानी (मॉल) में आओ ढूंढें कहां-कहां है विज्ञान विषय पर विज्ञान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाला प्रबंधन विकास समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर समिति के शिक्षाविद् तुकाराम साहू एवं अध्यक्ष बलदाऊ साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारे घरों और आसपास की दैनिक गतिविधियों में भी विज्ञान छिपा हुआ है। उन्होंने बच्चों को जिज्ञासु बनने और वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान संस्था की विज्ञान शिक्षिका ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भौतिकी के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित महान वैज्ञानिक डॉ. सी. वी. रमन के जीवन और उनके महत्वपूर्ण आविष्कार रमन प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसी खोज के सम्मान में भारत में हर वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न विज्ञान मॉडल और गतिविधियों का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर डाइट नगरी से आए सहायक प्राध्यापक जोहन नेताम, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रकाशचंद्र साहू, ग्रामीणजन, शिक्षक तथा छिपलीपारा सिहावा, गढ़ियापारा, भतकापारा और टांगापानी से आए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के सभी शिक्षकों तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पैसा वापस नहीं मिला तो होगा उग्र आंदोलन

**नगरी।** चिटफंड कंपनियों में जमा अपनी गाढ़ी कमाई वापस दिलाने की मांग को लेकर नगरी ब्लॉक के हजारों निवेशकों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई है। निवेशकों का कहना है कि यदि जल्द ही उनका पैसा वापस नहीं किया गया तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

निवेशकों ने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में लगभग 20 लाख निवेशक परिवार चिटफंड कंपनियों की ठगी का शिकार हुए हैं। वहीं नगरी ब्लॉक के 41,218 निवेशक परिवार भी इस ठगी से प्रभावित हुए हैं। निवेशकों का कहना है कि अनियमित निक्षेप जमा योजना पाबंदी कानून 2019 संसद द्वारा बनाया गया है, जिसमें निवेशकों के जमा धन की सुरक्षा और वापसी की गारंटी का प्रावधान है। कानून के अनुसार निवेशकों को 180 दिनों के भीतर जमा राशि का दो से तीन गुना तक भुगतान करने की व्यवस्था बताई गई है, लेकिन छत्तीसगढ़ में अभी तक इस कानून को प्रभावी रूप से लागू नहीं किया गया है। निवेशकों ने बताया कि छत्तीसगढ़ अभिकर्ता सेवा संघ द्वारा वर्ष 2015 से लगातार कलेक्टर, जनप्रतिनिधियों और मंत्रिमंडल को कई बार आवेदन व ज्ञापन सौंपा जा चुका है। इसके अलावा शांतिपूर्ण रैली, प्रदर्शन, जेल भरो आंदोलन, धमतरी से रायपुर पदयात्रा और रायगढ़ से रायपुर पदयात्रा जैसे कई आंदोलन भी किए जा चुके हैं। बताया गया कि 26 नवंबर 2025 को किसानों की पांच सूत्रीय मांगों के साथ चिटफंड निवेशकों के जमा पैसे की वापसी के लिए नगरी के कर्राघाटी चौक में चक्काजाम प्रदर्शन भी किया गया था। 16 सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्य सरकार को संबंधित कानून का पालन करने के निर्देश दिए जाने के बाद भी अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। निवेशकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि अनियमित निक्षेप जमा योजना पाबंदी कानून 2019 को तत्काल लागू करते हुए नगरी ब्लॉक के 41,218 निवेशक परिवारों की जमा राशि वापस कराई जाए। इसके लिए तहसील स्तर पर काउंटर खोलकर निवेशकों को जल्द भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

निवेशकों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। चंदन लाल साहू, भोजराम नाग, तेज कुमार साहू, हेमलाल साहू, मधुराम, राधेश्याम, शिवनाथ नागवंशी समेत अनेक निवेशकों ने शासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

Hero आवश्यकता है
हीरो शो रूम में कार्य करने हेतु
सेल्स मैनेजर – 1 पद
सर्विस मैनेजर – 1 पद
सेल्समेन – 4 पद
रिसेप्सनिष्ट – 1 पद
कम्प्यूटर ऑपरेटर – 1 पद
अनुभवी ही संपर्क करें
सत्योम सेल्स राजधानी रोड, धमतरी मो. नं. : 94255-93361

खबर संक्षेप

## ममता बनर्जी का पुतला दहन आज

**धमतरी।** अजजा मोर्चा व युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में 10 मार्च को दोपहर 3 बजे गांधी मैदान में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया जायेगा। प्रकाश बैस जिलाध्यक्ष भाजपा, महेंद्र पंडित, राकेश साहू जिला महामंत्री, मोहन पुजारी जिलाध्यक्ष अजजा मोर्चा भाजपा, शुभांक मिश्रा जिलाध्यक्ष भाजयुमो ने कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील की है।

## तर्रागोंदी के गोविन्द का सीआरपीएफ में चयन

**धमतरी।** ग्राम तर्रागोंदी निवासी गोविन्द पिता कमलेश साहू का



सीआरपीएफ में चयन हुआ है। गोविन्द एक सीमांत कृषक परिवार से हैं जो खेत की पगडंडियों से चलकर हिंदुस्तान की सेना में भर्ती होकर मां भारती की सेवा में ढाल बनकर अपने अदम्य साहस का परिचय देंगे। उनके चयन पर अरुण साहू अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ जिला साहू संघ समेत अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

## पानी प्रकृति का अनमोल उपहार, संरक्षण जरूरी : अखिलेश

**धमतरी।** गर्मी का मौसम नजदीक आते ही पानी की मांग बढ़ने लगती



है और कई स्थानों पर जल संकट की स्थिति बनने लगती है। इसे ध्यान में रखते हुए नगर निगम के जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर ने शहरवासियों से जल संरक्षण को लेकर जागरूक होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पानी प्रकृति का अनमोल उपहार है और इसका संरक्षण हर नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि अभी से पानी की बचत की आदत नहीं अपनाई गई तो आने वाले समय में जल संकट गंभीर रूप ले सकता है। सभापति अखिलेश सोनकर ने कहा कि एक-एक बूंद कीमती है, जल है तो कल है और इस संदेश को हर घर तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि दैनिक जीवन में पानी का उपयोग सोच-समझकर करें और अनावश्यक रूप से पानी की बर्बादी से बचें।

## बेरोजगार युवाओं के लिए महारोजगार मेला 13 को

**धमतरी।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध के लिए 13 मार्च को लाइवलीहुड कॉलेज धमतरी में महारोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर आयोजित इस मेले में विभिन्न सेक्टरों की प्रतिष्ठित कंपनियों और नियोजकों को आमंत्रित किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिले के विभिन्न व्यावसायिक केंद्रों, युवा कार्यक्रमों तथा कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में आईटी, कंस्ट्रक्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स, हार्डवेयर, सुरक्षा गार्ड, रिटेल, ऑटोमोटिव सहित विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां शामिल होंगी।

### चेट्रीचंड्र और महिला दिवस पर सिंध महिला शक्ति महिला संगठन और पूज्य सिंधी पंचायत का अनोखा कार्यक्रम

# सास के साथ हाथ में हाथ लेकर बहुओं ने किया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी







समाज में ऐसी सास और बहुएं हैं, जो अपने घर को स्वर्ग जैसा संवारकर रखी हुई है। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर सिन्ध शक्ति महिला संगठन और पूज्य सिन्धी पंचायत ने समाज की ऐसी 180 सास और बहुओं का सम्मान किया। कार्यक्रम को मनोरंजक रूप देने के लिए कई गेम्स भी खिलाए गए।

सफलता की शुरूआत घर में अच्छे माहौल और अच्छी परवरिश से होती है, लेकिन समाज में घर को संवारकर रखने वाली गृहणियों को ही भुला दिया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आमतौर पर ऐसी महिलाओं का सम्मान किया जाता है, जो समाज, देश या अन्य क्षेत्र में बेहतर सेवा दे रही हैं। चेट्रीचंड्र और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सिन्ध शक्ति महिला संगठन एवं पूज्य सिंधी पंचायत ने घर संवारने वाली सुपर वुमेन का सम्मान किया। इस कार्यक्रम में 20 साल से अधिक वक्त तक एक ही घर में मां-बेटी की तरह रहने वाली सास और बहू का सम्मान किया गया। यह एक अनोखा कार्यक्रम था, जो पूरे छत्तीसगढ़ में पहली बार धमतरी जिले में हुआ। इस कार्यक्रम में करीब 180 सास और बहुओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को और अधिक मनोरंजक के बनाने के लिए कई प्रकार के खेल का भी आयोजन किया गया, जिसमें सास और बहुओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। पूज्य सिंधी पंचायत के पूर्व अध्यक्ष चंदू जसवानी, वर्तमान कार्यवाहक अध्यक्ष सोनू उर्फ योगेश जसूजा, महेश रोहरा, रोमी सावलानी, सुनील रेवलानी, बंटी वाधवानी, रामचंद्र वाधवानी, संजू गंगवानी, अशोक बुधवानी, अशोक मुंजवानी, सिंध शक्ति महिला संगठन की प्रिया पंजवानी, पार्वती वाधवानी, साक्षी वाधवानी, दिशा कामरानी, शारदा चावला, मोना वाधवानी, रोमा राहूजा, जया चावला, रिया सोनेटा, प्रीति पिंजानी, श्वेता कमरानी, श्वेता नानकानी, पलक सुंदरानी, संगीता वाधवानी, मुस्कान वाधवानी, सिमरन वाधवानी, किरण ग्वालानी, सरला डोडवानी, तान्या चावला, दीपा जसवानी, अन्या आसवानी, कुमकुम रेवालानी, रीता धामेचा, भावना धामेचा, शोभा बख्तानी, मन्नत आहूजा ने कार्यक्रम में योगदान दिया।

### परिवार की नींव हैं महिलाएं

हर महिलाएं अपने घर के लिए खास हैं, लेकिन जब सफलता की बात आती है तो पुरूषों को महत्व मिलता है। चेट्रीचंड्र और महिला दिवस के उपलक्ष्य में घर की सुपर वुमेन का सम्मान किया गया। ये बहुएं हमें सीखा रही हैं कि हर बहू अपनी सास को मां मान ले तो समाज में वृद्धाश्रम की जरूरत नहीं पड़ेगी।

- सुश्री पार्वती वाधवानी

### घर को संवारने वाली सम्मान की हकदार

घर में चार बर्तन है तो आवाज भी आएगी, लेकिन इन समस्याओं को दरकिनार कर जो बहू और सास घर परिवार को संजोकर रखती हैं, वे वास्तव में सम्मान की पात्र हैं। हम बड़ों का सम्मान करते हैं तो यह दिखना भी चाहिए। ताकि दूसरे लोग इससे प्रेरणा लेकर अपने घर को संवार सकें।

- श्रीमती रीना चंदवानी

### घर परिवार में सुख शांति रहती है

घर-परिवार, व्यापार-व्यवसाय सहित अन्य क्षेत्र में सफलता का श्रेय बेटों को मिलता है। बहुओं और माताओं को भुला दिया जाता है। घर में सुख शांति रहती है, तभी कोई बाहर सफलता गढ़ सकता है। ऐसी बहुएं वास्तव में सम्मान के काबिल हैं, जो सालों से सास की सेवा कर रही हैं।

- साक्षी वाधवानी

### गौरवशाली कार्यक्रम

यह धमतरी शहर ही नहीं पूरे प्रदेश के लिए गौरवशाली कार्यक्रम है। कई घरों में सास सालों से बिस्तर पर हैं और बहुएं उनकी सेवा बेटी की तरह कर रही हैं। सालों से एक छत के नीचे रहकर सास बहुएं संयुक्त परिवार की परंपरा को जीवित रखी हुई हैं। यह कार्यक्रम अच्छे विचारों को सम्मान देने वाला है।

- मीना लालवानी

### गुणों का किया बखान

कार्यक्रम पूज्य सिंधी पंचायत भवन में हुआ। यहां पर प्रवेश द्वार पर ही भाव विभोर कर देने वाला नजारा दिखा, जहां पर सास - बहू हाथ में हाथ डालकर जब कार्यक्रम में पहुंची तो उनका स्वागत फूलों की बारिश से और आरती- चंदन तिलक से की गई। ससम्मान बैच लगाकर निर्धारित स्थान पर बिठाया गया। बहुएं अपनी सास के साथ थाली सजाकर पहुंची थीं। इस दौरान बहुओं ने अपनी सास के गुणों का बखान भी किया और उनकी उपलब्धियां बताईं। सास ने भी बहुओं की खासियत गिनाई।

# मां कर्मा जयंती पर 14 को निकलेगी बाइक रैली

- 15 मार्च को जिले के गांवों में कर्मा जयंती मनाई जायेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



मां कर्मा जयंती के पर जिला साहू संघ द्वारा 14 मार्च को नगर में विशाल मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी। 15 मार्च को जिलेभर के गांवों में मां कर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी

जिला साहू संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि 14 मार्च को दोपहर 3:30 बजे एकलव्य मैदान में समाज के लोग एकत्रित होंगे। यहां से मोटरसाइकिल रैली प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी। रैली एकलव्य मैदान से निकलकर मां विध्यवासिनी मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद लेगी। इसके बाद रामबाग, गणेश चौक, सदरबाजार, शास्त्री चौक, सिहावा चौक, अर्जुनी चौक, छत्रपति शिवाजी चौक, आंबेडकर चौक और गोकुलपुर वार्ड होते हुए मां कर्मा चौक में संपन्न होगी। रैली में समाज का प्रतीक ध्वज लेकर युवक-युवतियां शामिल होंगे तथा ड्रेस कोड का पालन भी किया जाएगा। कार्यक्रम के पश्चात मां कर्मा और भगवान जगन्नाथ की आरती होगी। 15 मार्च को जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्र में भी मां कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। संघ के अध्यक्ष गणेशराम साहू, महासचिव विजय साहू, हरिशंकर साहू और हीरेंद्र साहू सचिव ग्रामीण तहसील साहू संघ समेत अन्य पदाधिकारियों ने समाजजनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# परसापानी में रेत उत्खनन को लेकर आक्रोश

- ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, मिला जांच का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



ग्राम पंचायत परसापानी में रेत उत्खनन और परिवहन को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। इस संबंध में सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय नगरी पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि ग्राम पंचायत परसापानी की राजस्व भूमि के अंतर्गत स्थित आमानाला में सीमित मात्रा में रेत उपलब्ध है। ग्राम सभा में यह निर्णय लिया गया था कि उक्त रेत को पंचायत क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले मकानों के निर्माण कार्य के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। इस संबंध में 19 अक्टूबर 2024 को आयोजित ग्राम सभा में प्रस्ताव क्रमांक 10 पारित किया गया था तथा इसकी जानकारी कोटवार के माध्यम से गांव में दी गई थी।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम परसापानी निवासी नागेंद्र साहू द्वारा ग्राम सभा के निर्णय के विपरीत निजी ट्रैक्टर के माध्यम से आमानाला से रेत निकालकर परिवहन किया जा रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में पहले भी तहसील प्रशासन को मौखिक रूप से जानकारी दी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से गांव में नाराजगी का माहौल है।

पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किए जाने पर संबंधित व्यक्ति द्वारा आपत्ति जताने की बात भी ग्रामीणों ने कही। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते मामले की जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इस दौरान सरपंच कांति देवी नेताम, उप सरपंच गिरधर मरकाम, नीलिमा साहू, पुष्पा नेताम, अमरिका नाग, लता मरकाम, कृष्ण कुमार, पुरुषोत्तम, सुकऊराम, रोहित, राजू, रोहित कुमार, धनेश्वरी बघेल, पूर्णिमा नेताम, निकेश मानिकपुरी, कोमल मरकाम, संतोष मरकाम, दिनेश साहू, गोपी मेश्राम, पन्नालाल कश्यप, द्वारिका प्रसाद ग्वाल, कन्हैया अग्रवानी, मन्नू नेताम, धनेश मांडवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं नागेंद्र साहू ने कहा कि पहले अन्य लोगों द्वारा भी रेत निकाली जा रही थी, उसी आधार पर उन्होंने भी रेत निकाली थी, जिसे अब पूरी तरह बंद कर दिया गया है।

नायब तहसीलदार विवेक चंद्राकर ने बताया कि ग्रामीणों से प्राप्त ज्ञापन के आधार पर मामले की जांच कराई जाएगी तथा जांच के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत पर मना जश्न



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- नेताओं ने बताया यह गर्व का पल

भारतीय क्रिकेट टीम की टी-20 विश्व कप में ऐतिहासिक जीत पर देशभर में खुशी और उत्साह का माहौल है। इस उपलब्धि पर भाजपा मंडल रावां के अध्यक्ष अमन राव और पूर्व मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु ने भारतीय टीम की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने अदम्य साहस, अनुशासन और कड़ी मेहनत के दम पर यह गौरवपूर्ण सफलता हासिल की है। अमन राव ने कहा कि पूरी प्रतियोगिता के दौरान भारतीय टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया और यह साबित कर दिया कि भारत की टीम हर मुकाबले में जीत के संकल्प के साथ मैदान में उतरती है। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल खिलाड़ियों की नहीं बल्कि देश के 140 करोड़ लोगों की भावनाओं और समर्थन की भी जीत है, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में टीम का हौसला बढ़ाया। मुरारी यदु ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन देश के युवाओं के लिए बड़ी प्रेरणा है। यह जीत बताती है कि समर्पण, अनुशासन और सामूहिक प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# डीपीएस के छात्रों ने देखी विधानसभा की कार्रवाई



- अपनी जिज्ञासाओं को प्रश्न के माध्यम से पूछकर मंत्रियों के साथ फोटो भी खिंचवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दिल्ली पब्लिक स्कूल के कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के निदेशक धीरज अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ नितिन शर्मा के दिशा-निर्देश और मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण अंतर्गत विधानसभा सत्र का अवलोकन किया। विद्यालय के समन्वयक सतप्रीत सिंह धंजल, अजय नामदेव, विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती सुलेखा एवं सुश्री भूमि जैन द्वारा विद्यार्थियों को विधानसभा भवन का भ्रमण कराया गया और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर छात्रों ने सदन की कार्यवाही को दर्शक दीर्घा से देखा। उन्होंने देखा कि किस प्रकार विधायक विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हैं और जनता की समस्याओं को सदन में उठाते हैं। शिक्षकों और अधिकारियों ने छात्रों को विधानसभा के इतिहास और कार्यप्रणाली के बारे में भी बताया।

विद्यार्थियों ने लोकतंत्र के कार्य करने की प्रक्रिया को समझा। छात्रों ने कहा कि यह अनुभव उनके लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा। विधानसभा सत्र के पश्चात विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के मंत्रियों से रूबरू होकर अपनी जिज्ञासाओं को प्रश्न के माध्यम से पूछकर उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमो से विद्यार्थियों को देश की शासन व्यवस्था को समझने का अवसर मिलता है।

# बड़े बकायादारों के नल कनेक्शन कटेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर निगम ने बकाया करदाताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी कर ली है। निगम आयुक्त के आदेश एवं उपायुक्त के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्ति से पहले शहर के सभी 40 वार्डों में बकाया करदाताओं की सूची तैयार कर बिल नोटिस वितरण की कार्रवाई पूर्ण कर ली गई है। इसके बावजूद टैक्स, जलकर और दुकान किराया जमा नहीं करने वालों पर अब सघन वसूली अभियान चलाया जाएगा।

निगम प्रशासन के अनुसार सभी करदाताओं को भुगतान के लिए ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही सहायक राजस्व निरीक्षकों द्वारा वार्डों में लगातार घर-घर संपर्क कर बकाया राशि जमा करने की अपील की जा रही है। बावजूद इसके कई करदाता अभी भी भुगतान नहीं कर रहे हैं, जिसे देखते हुए निगम प्रशासन ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है।

निगम आयुक्त के निर्देश पर पूर्व में गठित वसूली टीमों को फिर से सक्रिय कर दिया गया है। इसके तहत बड़े बकायादारों के खिलाफ नल कनेक्शन विच्छेद की कार्रवाई दोबारा शुरू की जाएगी। वसूली दलों के प्रभारी और सदस्य प्रतिदिन दोपहर 3 बजे के बाद वार्डों में जाकर बकाया करदाताओं के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

इसके अलावा निगम ने 24 ऐसे दुकान किरायेदारों की सूची भी तैयार की है, जिन्होंने लंबे समय से किराया जमा नहीं किया है। इन दुकानों पर तालाबंदी कर सील करने की कार्रवाई भी जल्द शुरू की जाएगी।

वसूली दल क्रमांक 3 के प्रभारी मोहम्मद शेरखान ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा करदाताओं को कई बार नोटिस और संपर्क के माध्यम से बकाया राशि जमा करने का अवसर दिया गया है। इसके बाद भी यदि करदाता भुगतान नहीं करते हैं तो निगम को सख्त कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## प्रेम, भाईचारा और सामाजिक समरसता का दिया संदेश

**नगरी।** कुंभकार समाज परिक्षेत्र सिहावा का होली मिलन समारोह ग्राम बेलरगांव में हर्षोल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत हरि विष्णु की पूजा-अर्चना के साथ की गई। जोहनराम प्रजापति को सभापति मनोनीत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रमुखजनों एवं अतिथियों ने होली पर्व के महत्व और विशेषताओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला, जहां लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर प्रेम, भाईचारा और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।




### समोदा में भाजपा नेता के फार्म हाउस में अफीम की खेती, कांग्रेस ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की

# प्रदेश में अफीम कांड से सियासत हुई गरम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



दुर्ग जिले के समोदा गांव में अफीम खेती के खुलासे के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर तीखे आरोप लगाते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष तारिणी ने दावा किया कि समोदा गांव के एक फार्म हाउस में करीब 10 एकड़ जमीन पर अफीम की खेती किए जाने का मामला सामने आया है, जो भाजपा से जुड़े एक नेता के संरक्षण में की जा रही थी। उनका कहना है कि सत्ता के संरक्षण के बिना इतनी बड़ी मात्रा में अफीम की खेती संभव नहीं है।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि जिस व्यक्ति के फार्म हाउस में अफीम खेती की बात सामने आई है, वह भाजपा का सक्रिय पदाधिकारी है और पार्टी के कई कार्यक्रमों में उसकी भागीदारी रही है। सोशल मीडिया पर उसकी तस्वीरें कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ भी मौजूद हैं। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि प्रदेश में गांजा, अफीम और अन्य नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार तेजी से बढ़ रहा है, जिसका सबसे अधिक असर युवाओं पर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थान युवाओं को नशे की ओर धकेलने के केंद्र बनते जा रहे हैं। सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि पिछले 13 महीनों में नारकोटिक से जुड़े कई मामले सामने आए हैं, लेकिन सरकार की ओर से ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा, लेखराम साहू और डॉ. लक्ष्मी ध्रुव सहित कांग्रेस नेताओं ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई और प्रदेश के गृहमंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग की है।




